देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 67 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...विचारधारा को प्राथमिकता



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 7 जून 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 21.0°

33980.70

2 सीमा मुद्दे पर चीनी मीडिया की अकड़

7 ऐसा है अजिंक्य रहाणे का दबदबा

## संक्षिप्त समाचार

### अमूल का अकाउंट सस्पेंड, ट्विटर ने दी सफाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पिछले दो दिन से ट्विटर को लेकर ट्विटर पर ही एक बहस चल रही है। सवाल ये है कि क्या ट्विटर अपने हिसाब से कंटेंट को फिल्टर करता है? और जो अकाउंट उसकी नीतियों पर खरे नहीं उतरते, उन्हें बंद कर देता है? ये सवाल उठे कुछ देर के लिए अमूल का ट्विटर अकाउंट बंद रहने के बाद। चीन को लेकर किए गए एक ट्वीट के बाद से अमूल के अकाउंट पर रिस्ट्रिक्टेड होने का मैसेज आ रहा था। कुछ देर में यह मैसेज हट गया और अकाउंट रीस्टोर हो गया। ट्विटर का कहना है कि यह सिक्योरिटी के लिहाज से उसकी रूटीन प्रक्रिया है।

### सर गंगाराम अस्पताल पर एफआईआर दर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजधानी में कोरना मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ अस्पतालों में बेडों को लेकर भी विवाद तूल पकड़ चुका है। दिल्ली के अस्पतालों में बेड्स की संख्या पर दिल्ली सरकार ने सफाई देते हुए कहा कि पर्याप्त बेड उपलब्ध हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने अस्पतालों पर विपक्षी दलों के साथ मिलकर बदमाशी करने का भी आरोप लगाया। अब दिल्ली सरकार ने सर गंगाराम अस्पताल पर एफआईआर दर्ज करा दी है।

### लॉकडाउन के दौरान 50 वार्डों में चला सैनिटाइजेशन अभियानः डीएम

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के दिये गये निर्देशों के अनुसार कोविड–19 संक्रमण की रोकथाम हेतु जनपद के नगर निगम दून क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक स्थलों, वार्ड/सड़क/गली, प्रतिष्ठान/आवासीय क्षत्रों में नगर निगम द्वारा नियमित रूप से सैनिटाइजेशन किया जा रहा है।

# चीन को भारत की दो टूक

## सैन्य स्तर की बैठक में शांति से विवाद सुलझाने पर तैयार हुआ चीन

लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह ने भारत का प्रतिनिधित्व किया

**संवाददाता**

नई दिल्ली। भारत से मौजूदा सीमा विवाद को चीन शांति से सुलाझाने के लिए तैयार हो गया है। शनिवार को हुई सैन्य स्तर की बैठक पर विदेश मंत्रालय बयान आया है। मंत्रालय के अनुसार यह बातचीत शांतिपूर्ण और गर्मजोशी के माहौल में हुई। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करने और हालात का हल निकालने के लिए दोनों पक्ष सैन्य और कूटनीतिक तौर पर जुड़े रहेंगे। दोनों पक्ष विभिन्न द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार मामले को शांतिपूर्वक तरीके से हल करने के लिए सहमत हुए। इससे पहले अबतक कई दौर की बातचीत बेनतीजा रही थी।

विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि दोनों पक्ष सीमावर्ती क्षेत्रों में शांतिपूर्वक हल निकालने के लिए सहमत हुए हैं। विभिन्न द्विपक्षीय समझौतों और नेताओं के बीच हुए समझौते को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है कि भारत–चीन सीमा क्षेत्रों में शांति द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों पक्षों ने इस वर्ष दोनों देशों (भारत और चीन) के बीच कूटनीतिक संबंधों की 70 70 वीं वर्षगांठ को भी याद और दोनों देशों ने इस बात पर सहमत हुए।

गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच महीने भर से जारी गतिरोध को सुलझाने की कोशिश में शनिवार को चीन की क्षेत्र में बॉर्डर पर्सनेल मीटिंग पॉइंट पर चुशुल–मोल्डो इलाके में उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता हुई।

भारत की ओर से लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह और चीन की तरफ से मेजर जनरल लियू लिन ने इस बैठक का प्रतिनिधित्व किया।



### अलग-अलग स्तर पर कई बार हो चुकी है बातचीत

विवाद के समाधान के लिए इस पहले भी दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के स्तर पर कई बार बातचीत हुई है। मेजर जनरल स्तर के अधिकारियों की भी तीन राउंड वार्ताएं हुई हैं। इसके बाद शनिवार को कोर कमांडर स्तर की अहम वार्ता हुई। भारत ने सभी दौर के वार्ताओं में स्पष्ट किया है कि एलएसी पर सैनिकों की तैनाती बढ़ाने का सिलसिला चीन ने शुरू किया है। ऐसे में भारत के पास जवाबी कार्रवाई के तहत अपने सैनिकों की संख्या बढ़ाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। एलएसी पर अतिक्रमण करने के बाद से चीनी सैनिक फिंगर–4 इलाके से भारतीय सैनिकों को गश्त के लिए बढ़ने से रोक रहे हैं।

### चीनी सेना ने 2,500 जवानों को तैनात किया है

बताया जा रहा है कि चीनी सेना ने पैंगोंग सो और लगवान वैली में करीब 2,500 जवानों को तैनात किया है। इसके अलावा धीरे–धीरे वह अस्थायी इन्फ्रास्ट्रक्चर और हथियारों के जमावड़े को बढ़ा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सैटलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि चीन ने एलएसी से सटे इलाकों में बड़े पैमाने पर डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है। इसमें पैंगोंग सो इलाके से करीब 180 किलोमीटर दूरी पर मिलिटरी एयरबेस का आधुनिकीकरण भी शामिल है। पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच उस वक्त तनावपूर्ण हालात हो गए जब 5 और 6 मई को दोनों देशों के करीब 250 सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हो गई।

### भारत और चीन की सेनाओं के बीच का तनाव काफी बढ़ा

## पीओके, अक्साइ चीन आएगा, वक्त का इंतजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इन दिनों लद्दाख में सीमा पर भारत और चीन आमने सामने हैं। इसके चलते भारत में लोगों के बीच ये भावना भी पैदा हो गई है कि चीन के सामान का बहिष्कार करना है। इसी बीच भाजपा के महासचिव राम माधव ने एक टीवी चैनल पर सीमा पर तनाव को लेकर कुछ बातें कहीं हैं, जिसके दौरान ये भी साफ कर दिया कि पीओके और अक्साइ चीन हमारा है और जब सही वक्त आएगा तो वह हमारे कब्जे में भी होगा।

फिलहाल लद्दाख में भारत और चीन की सेनाओं के बीच का तनाव काफी बढ़ चुका है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि आज दोनों देशों की सेनाओं के उच्च्य अधिकारियों के बीच बैठक हो रही है, जिसमें ये फैसला किया जाएगा कि आगे क्या करना है। बता दें कि भारत की ओर से लगातार ये मांग की जा रही है कि सीमा पर कुछ समय पहले जैसी स्थिति थी, वैसी ही फिर से बहाल हो और भारत की सीमा के अंदर तक घुसा चीन वापस जाए। राम माधव ने बताया कि अक्साइ चीन हमारा है, ये बात 1963 में नेहरू जी ने संसद में कही थी। उन्होंने ये भी कहा कि इसी तरह पीओके भी हमारा है और 1994 में नरसिम्हा राव ने तो संसद में इसे लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी पेश किया था।

### पूरी दुनिया है चीन के खिलाफ

चीन को लेकर इन दिनों भारत में लोग कह रहे हैं कि चीन के सामान का बहिष्कार करो, जिस पर राम माधव ने कहा कि ये सिर्फ जनता के मन की भावना है। सरकार ने ऐसा कोई आदेश या बयान नहीं दिया है। साथ ही उन्होंने अमेरिका के प्यू रिसर्च सेंटर का हवाला देते हुए कहा कि उसकी एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के अधिकतर लोकतांत्रिक देशों में जनता में एक गुस्सा है, क्योंकि किसी को भी चीन की आक्रामक रवैया वाली नीति पसंद नहीं आ रही है। इसकी वजह से चीन को लोग अब कम पसंद करने लगे हैं।

## डब्ल्यूएचओ ने चेताया, भारत में फटेगा कोरोना बम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जेनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक प्रमुख विशेषज्ञ ने भारत को चेतावनी देते हुए कहा है कि लॉकडाउन हटने से भारत में कोरोना वायरस के मामलों में उछाल देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि, भारत में कोरोना वायरस महामारी को लेकर स्थिति अभी विस्फोटक नहीं है, लेकिन देश में मार्च में लागू लॉकडाउन हटाने की तरफ बढ़ने के साथ इस तरह का जोखिम बना हुआ है। डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य आपात स्थिति कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक मिशेल रियान ने कहा कि भारत में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या दोगुने होने का समय इस स्तर पर करीब तीन सप्ताह है।

रियान ने जेनेवा में कहा कि भारत के विभिन्न हिस्सों में महामारी का असर अलग–अलग है और शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के बीच इसमें अंतराल है। दक्षिण एशिया में न केवल भारत में बल्कि घनी आबादी वाले दूसरे देशों जैसे बांग्लादेश और पाकिस्तान में भी महामारी का रूप विस्फोटक नहीं हुआ है।

## अस्पतालों को लेने होंगे कोरोना पेशंट

■कुछ प्राइवेट अस्पताल बदमाशी कर रहे हैंः केजरीवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के अस्पतालों में कोरोना वायरस मरीजों के लिए बेड न मिलने का मामला तूल पकड़ चुका है। सोशल मीडिया से लेकर विपक्ष तक ने सवाल उठाए तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कुछ कड़े फैसले किए हैं। दिल्ली में अब किसी भी संदिग्ध केस को अस्घ्पताल वापस नहीं लौटा सकेंगे। सीएम ने कहा कि दिल्ली के कुछ अस्पतालों की पॉलिटिकल पार्टीज से सेटिंग हैं और वे बदमाशी कर रहे हैं। इसके बाद चेतावनी भरे लहजे में केजरीवाल ने कहा कि मरीज का इलाज अस्पताल को करना ही होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो हम उनके खिलाफ ऐक्शन लेंगे। सीएम ने एसिम्प्टोमेटिक संदिग्धों से कहा कि वे टेस्ट न कराएं क्योंकि इससे लोड बढ़ेगा।

दिल्ली सीएम ने शनिवार को कहा कि उनसे एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि प्राइवेट अस्पताल में कोरोना मरीज भर्ती करने के लिए दो लाख रुपये मांगे गए। कुछ प्राइवेट अस्पताल हैं जो बदमाशी कर रहे हैं। चंद अस्पताल बहुत पावरफुल हो गए हैं, सभी पार्टियों में उनकी पहुंच है।

केजरीवाल ने लापरवाही बरत रहे प्राइवेट अस्पतालों को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें मरीजों का इलाज तो करना ही होगा।

## एम्स स्टडी में एचसीक्यू कारगर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एम्स डायरेक्टर रणदीप गुलेरिया ने अनलॉक 1.0 सोशल डिस्टेंसिंग घटने पर आगाह किया है। उन्होंने कहा, लॉकडाउन खुलते ही सोशल डिस्टेंसिंग घट रही है। कोरोना अभी भी है। हर दिन लगभग 10 हजार लोगों के पॉजिटिव टेस्ट होने पर गुलेरिया ने कहा, भारत की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। इसलिए पॉजिटिव मामले बढ़ेंगे। हमें डेथ रेट पर फोकस करना चाहिए।

डॉक्टर गुलेरिया ने हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन पर भी टिप्पणी की।

### 2–3 महीने में बन जाएगी कोरोना की दवा

उन्होंने कहा कि इस पर स्टडी हो रही है। अब तक जो डेटा आया है उसके मुताबिक ये लाभदायक है। इसके साइड इफेक्ट ज्यादा नहीं हैं। जिन लोगों ने ये दवा ली थी उनमें कोरोना वायरस के लक्षण कम पाए गए। पर कोई ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए। इस साल के अंत तक या अगले साल के शुरू में वैक्सीन आ जाएगी। अगले दो–तीन महीने में दवा तो आ जाएगी।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in